# वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 तक)





भगवान मानव कल्याण समिति

ग्राम . पोस्ट अरियासो, तहसील_ घोसी, जनपद मऊ

उत्तर प्रदेश, पिन कोड कोड 275105

फोन नं 94252050368, 6386179151

ईमेल bmksmau@gmail.com

# संस्था की पृ"ठभूमि

भगवानमानवकल्याणसमिति एक गैरसरकारी , गैरराजनितिक एवंअलाभकारीस्वयंसेवीसंगठनहैजोसमाजसेवंचितअसहाय लोगो के सेवा के लिए समर्पितसाथियो के सहायोगसेस्थापितकियागयाहैसंस्थाकागठन 2000 मेंहुआथाजिसकोवैद्यानिकदर्जाप्राप्तकरनेहेतु 2002 मेंसोसाइटीरजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 की धारा 21 के अर्न्तगतपंजिकृतकरायागया । विदेशीअभिदाय विनियमनअधिनियम(F.C.R.A.)2004 मेंकरायागया ।संस्थाकाआयकरअधिनियम 1961 की धारा 12क के अर्न्तगतदिनांक 1/4/07 कोकरायागया ।

संस्थाविगत 10वर्षोसेगरीबोकीसेवामेंनिरन्तरप्रयत्नशीलहै । वर्तमान समय मेंसंस्थासरदोराबजीटाटा ट्रस्ट एवं आर0डी0 टाटा ट्रस्ट –मुम्मबई के सहायोगसेमऊजनपद के घोसीब्लाकमें 40ग्रामपंचायतोमेंमहिलासशक्तिकरणपरविषे"ा रूपसेप्रयासकररहीहैजिसमेंपुरवावारमहिलामण्डलकागठन ,ग्रामपंचायतस्तरीय नारीसंघकानिर्माण एंवब्लाकस्तरीय नारीमहासंघकानिर्माणकियाजारहाहै ।तथानावार्ड के सहयोगसे 10 ग्रामपंचायतोमेंस्वयंसहायतासमूहकागठनकियाजारहाहै।

**दृष्टिकोण–**

संस्थामहात्मागांधी के ग्रामस्वराज्य / ग्रामव्यवस्था , मदरटेरेसा के गरीबअसहायो की चिकित्सकीय सेवा , सन्तविनोवाभावे , सन्तफ्रन्सीस , मदनमोहनमालवीय , स्वामीविवेकानन्दआदिसमाजसेवको एवंविचारकोसेप्रभावितहोकर उनके व्यावहारिकचिन्तनकोमुर्त रूप प्रदानकरनेहेतुनागरिको की सिधीभागीदारी द्वारागरीब , उपेक्षित एवंहासियेपर खड़े जरूरत मन्दलोगोकोसामाजिक , आर्थिक एवंसास्कृतिकविकासकरमूल्य आधारित ( षाS"ाणमुक्त ) समतामूलकटिकाऊ , समाजिक , आर्थिक एवंवैज्ञानिकव्यवस्थाहेतुकार्यकरनाहै ।

**विजन–**

संस्थाकास्वप्न एक शोषणरहितसमाजकीस्थापनाकरनाहैजहांलोगोंकीबेतहरस्वास्थ्य षिक्षातकपहुॅचहोऔरवेबेहतर जीवन जीसके ।

**मिषन–**

विभिन्नसमुदायोंकोसंगठितकरउन्हें शसक्तकरनाताकिवे स्वतंत्र एवंआत्मनिर्भरहोकरसम्पूर्ण जीवन जीसके खासतौरसे उन अबलामहिलाओं एवंसमाजसेउपेक्षितपुरूषों की जो की आजभीहासियेपर खड़े है।

**लक्ष्य –**

संस्थाकामुख्य लक्ष्य समाज के आर्थिक , पिछड़े , जरूरतमंद , असहाय , वंचित एवंसमस्याग्रस्तलोगोंकासहायोगकरनाताकिवेनिर्धारितअवधि मेंस्वावलम्बी , आत्मनिर्भर एवं सक्षमहोकरसमाज एवंनिर्माण के मुख्य धारामेंजुड़करअपनेमहत्वपूर्णभूमिकाकानिर्वहनकरसकें ।

## 1. आयुर्वेद जागरूकता शिविर

भगवानमानवकल्याणसमिति द्वाराविकास खण्ड घोसी के दोग्रामपंचायतोमेंआयुर्वेदजागरूकताषिविरकाआयोजनकियागयाजोनिम्नवतहै–

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | गुलाबचन्द्र के मकानपर–रघौली | 05/04/2019 | 210 |
| 2 | पंचायतभवन–मझवारा | 16/04/2019 | 190 |

संस्था धवारा आयुर्वेद के प्रचार प्रसार एवम लोगो को आयुर्वेद के बारे में जानकारी देने के लिए आयुर्वेद जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में वैध बी बी सिंह ने लोगो को बताया कि आयुर्वेद को अपना कर हम अपने पुराने से पुराने लाइलाज बीमारी का भी इलाज कर सकते है। उन्होंने कहा कि चरक संहिता में वर्णित आयुर्वेदिक जड़ी बूटी से हमारे ऋषि मुनियों ने सभी का इलाज करते थे और लोग सौ वर्ष तक जीवित रहते थे। उन्होंने आगे कहा कि पतंजलि सुश्रुत चरक इत्यादि ऋषियों ने आयुर्वेद को अपना कर लोगो को न्याय जिंदगी दिया। चवन ऋषि ने चवनप्रास के माध्यम से लोगो को रोग प्रतिरोधक क्षतमा को बढ़ाने एम मदद करते थे। उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश में जड़ी बूटियों की अपार संपदा है जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए। आयुर्वेद का कोई दुष्परिणाम भी नही होता है।

# रंगोली प्रतियोगिता

भगवानमानवकल्याणसमिति द्वाराविकास खण्ड घोसी के दोग्रामपंचायतोमेंरंगोलीप्रतियोगिताकाआयोजनकियागयाजोनिम्नवतहै–

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | डी एस एस ए महाविद्यालय घोसी | 10/05/2019 | 60 |
| 2 | प्राथमिक विद्या0 खत्रीपार | 25/05/2019 | 50 |

संस्था धारा किशोरियों के कलात्मक एवम सार्वभौमिक विकाश के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता एम घोसी ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों से किशोरियों ने बाद चढ़ कर हिस्सा लिया। तरह तरह के रंगोली किशोरियों धारा बनाया गया। निर्णायक मंडल धारा प्रथम द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान किया गया। तथा जितने भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लिए थे सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में राज्य महिला आयोग सदस्य श्रीमति अर्चना उपाध्याय रही। इस कार्यक्रम में दवा विक्रेता कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार पाण्डेय, महामंत्री निर्भय कुमार पाण्डेय, संरक्षक तीर्थराज सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## कुष्ठ जागरूकता शिविर

**भगवानमानवकल्याणसमिति द्वाराविकास खण्ड घोसीमें**कुष्ठ जागरूकता शिविर **काआयोजनकियागयाजोनिम्नवतहै–**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | डी एस एस ए महाविद्यालय घोसी | 07/06/2019 | 480 |
| 2 | कुमार परमार्थ महाविद्यालय कल्याणपुर | 10/06/2019 | 460 |

संस्थान धारा आयोजित कुष्ठ जागरूकता शिविर का उद्देश्य यह रहा कि लोगो के अंदर कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी हो सके। रिसोर्स पर्सन के रूप में नितेश कुमार सिंह(फार्मासिस्ट) ने कुष्ठ रोग पी प्रकाश डालते हुए यह बताया कि यदि शरीर में कही पर

भी दाग धब्बा या सूनापन है तो उसको अच्छे डॉक्टर से दिखा लेना चाहिए नही तो यह आगे चल कर विकराल रूप धारण कर लेता है। सरकारी अस्पतालों में इसकी दवा मुफ्त में मिलती है।

**पर्यावरण जागरूकता शिविर**

स्थान जूनियर हाई स्कूल घोसी

दिनांक 05/07/2019

प्रतिभागी 370

संस्था धारा लोगो के अंदर पर्यावरण के बारे में जानकारी देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था सचिव रमेश चंद्र सिंह ने लोगो को बताते हुए यह कहा कि आज कल हमारे देश में पर्यावर बहुत ज्यादे प्रदूषित हो रहा है। ज्यादा से ज्यादा पेड़ कट रहा है जिसके कारण वायुमंडल में ऑक्सीजन की कमी हो रही है और वर्षा भी मानक से कम हो रहा। उन्होंने आगे कहा की उच्च न्यायालय धारा प्लास्टिक के पॉलिथिन पर रोक के बावजूद भी अभी लोग पॉलिथिन का प्रयोग कर रहे है को हमारे पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है। नेहरू युवा सामाजिक समरसता सेवा समिति रतनपुरा के महासचिव श्री शेर नारायण सिंह ने लोगो को जागरूक करते हुए यह बताया कि भूत से किसान अपने फसल को कंबाइन मशीन से कटवाने के बाद जो हमारे पर्यावरण को बहुत ही प्रभावित कर रहा है।उसके साथ ही साथ खेत के ह्यूमिनोस नामक बैक्टीरिया भी मर जा रहे है। जिससे आगे चलकर हमारे खेत उसर हो सकते है। उन्होंने लोगो को सुझाव दिया कि अपने खेत के पराली को कभी ना जलाए उसको उसी में जला दे। इस तरह हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। साथ ही उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह किया।

## ग्राम संसद का आयोजन

**भगवानमानवकल्याणसमिति द्वाराविकास खण्ड घोसी के तीनग्रामपंचायतोमेंग्रामसंसदकाआयोजनकियागयाजोनिम्नवतहै–**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | बरौली | 15/07/2019 | 280 |
| 2 | माछिल जमीन माछिल | 04/08/2019 | 290 |
| 3 | सरायगणेश | 02/09/2019 | 290 |

संस्था धारा लोगो को पंचायती राज्य व्यवस्था पर जागरूक करने के लिए ग्राम संसद का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में ग्रामीण विकास प्रयास समिति से आए हुए रामप्रवेश भाई ने बताया कि 73वा संविधान संशोधन के बाद पंचायतों को ज्यादे से ज्यादे अधिकार दिए गए जिसमे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जानि जाति, पिछड़ी जाति एवम महिलाओं को आरक्षण का प्रावधान किया गया। प्रधान के सहयोग के लिए गांव में 6 समितियों का गठन किया गया। सरकार धारा लोगो को अपनी योजना स्वयं बनाने के लिए प्रेरित किया गया। राज्य वित्त आयोग और केंद्रीय वित्त आयोग धारा ग्राम पंचायतों को बजट देने का प्रावधान किया गया। ग्राम सभा धारा अपनी कार्ययोजन बना कर स्वयं बजट खर्च करने के लिए प्रावधान किया गया।




**दो दिवसीय पंचायती राज्य व्यवस्था पर नारी संघ की अगुवा सदस्यों प्रशिक्षण**

स्थान डी एस एस ए महाविद्यालय घोसी

दिनांक–18/07/2019 से 19/07/2019

प्रतिभागी 46

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नारी संघ की अगुवा सदस्यों को पंचायत में महिलाओं की भूमिका एवम जिम्मेदारी पर जानकारी दिया गया।रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रथम दिवस के रूप में श्रीमति ज्ञानती देवी ने महिलाओं को बताया कि पंचायत में महिलाओं को आरक्षण के बावजूद भी महिलाएं स्वयं हिस्सा नही ले पा रही है। उनके स्थान पर उनके पति ससुर या देवर उनके कार्यभार को देख रहे है। आज अवस्यकता है ऐसे महिलाओं को आगे आने की जो स्वयं पंचायत में हिस्सा ले सके और अपना काम स्वयं कर सके। महिलाओं को 73वा संविधान संशोधन पचायती राज्य एक्ट तथा ग्राम पंचायत ग्राम सभा ग्राम पंचायत की 6 समितियां तथा समितियों के कार्य विस्तार से बताया गया।



द्वितीय दिवस के रिसोर्स पर्सन के रूप में महिला ग्रामोद्योग सेवा समिति के श्री संजय कुमार मिश्र ने राज्य सरकार एवम केंद्रीय सरकार के वित्त आयोग के बारे एम बताया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में 2 तरह के फंड आते है एक टाइट और दूसरा अनटाइट। टाइट फंड वह होता है जो जिस मत के लिए आया है उसी मत में खर्च किया जा सकता है,अनटाईट फंड सरकार के गाइडलाइन के आधार पर गांव के विकाश में खर्च किया जाता है। जिसमें ग्रामीण पेय जल व्यवस्था स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय का निर्माण कचरे का निपटरण इत्यादि कार्यों में खर्च किया जाता है।

## स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम

स्थान –पंजीकृत कार्यालय अरियासो

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था धारा ध्वजा रोहन के बाद साफ सफाई का आयोजन किया गया।लोगो को अधिक से अधिक शौचालय बनवाने , बने हर शौचालय का प्रयोग करने, स्वच्छ जल पीने के लिए प्रेरित किया गया।

## बेटी बचाओ बेटो पढ़ाओ कार्यक्रम

**भगवानमानवकल्याणसमिति द्वाराविकास खण्ड घोसी के दोग्रामपंचायतोमेंबेटीबचाओंबेटी पढ़ाओंकाआयोजनकियागयाजोनिम्नवतहै–**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सिपाह इंब्राहिमाबाद | 20/08/2019 | 360 |
| 2 | धरौली | 28/08/2019 | 390 |

संस्था द्वारा देश में हो रही लड़कियों की कमी को ध्यान रखते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरक द्वारा बेटी पैदा होने पर दी जाने वाली विभिन्न प्रोत्साहन राशि के बारे में बताया गया। संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पूनम सिंह द्वारा बताया गया कि आज लड़कियां किसी भी मामले में लडको से कम नही है। लड़कियां मिलिट्री हो पुलिस हो वायु सेना हो हर क्षेत्र में अपना सेवा दे रही है। हवाई जहाज उड़ने से ले लेकर मेट्रो ट्रेन चलाने या किसी भी तरह का प्रतियोगी परीक्षा हो हर तरफ लड़कियां अपना परचम लहरा रही है। खेल हो या इंजिनियर हो या डॉक्टरी हो सब क्षेत्र में महिलाएं ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है। इसलिए हम लोगो को रूढ़िवादी परंपरा को तोड़ते हुए लड़कियों को आगे बड़ने का मौका देना चाहिए।

## कुपोषण जागरूकता शिविर

**भगवानमानवकल्याणसमिति द्वाराविकास खण्ड घोसी के दोग्रामपंचायतोमें**कुपोषण जागरूकता शिविर**काआयोजनकियागयाजोनिम्नवतहै–**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पिढ़ावल | 07/09/2019 | 316 |
| 2 | हाजीपुर | 17/09/2019 | 285 |

संस्था द्वारा महिलाओं एवम बच्चियों में हो रही कुपोषण से मृत्यु पर लोगो को जागरूक करने के लिए कुपोषण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगो को कुपोषण से कैसे बचाया जा सकता है इसपर विशेष रूप से जानकारी दी गई है। कुपोषण पर जानकारी देती हुए आई डी सी ए विभाग की सुपरवाइजर श्रीमति ज्ञानमती द्वारा यह बताया गया कि ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवम आई सी डी एस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भारत को कुपोषण से मुक्त कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत माता के गर्भ में बच्चा आने के समय ही जच्चा बच्चा दोनो को सुरक्षित रखने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गर्भवती माता की जांच तथा पौष्टिक आहार शुरू किया जाता है। धात्री माता को कुपोषण से मुक्ति के लिए पौष्टिक आहार दिया जाता है। 0 से 6 साल तक के बच्चियों को ग्रोथ चार्ट के माध्यम से संतुलित आहार दिया जाता है। बच्चियों को सब तत्व मिलता रहे इसके लिए प्राथमिक एवम उच्च प्राथमिक विद्यालय में मध्यान भोजन का आयोजन किया गया है। हम लोगो को इस सरकारी योजनाओं का लाभ उठा कर कुपोषण से मुक्ति दिलाने का प्रयास करना चाहिए।

## <u>2 अक्टूबर गांधी जयंती के 150वी जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम स्वराज्य की अवधारणा पर चर्चा</u>

**भगवानमानवकल्याणसमिति द्वाराविकास खण्ड घोसीमें**अक्टूबर गांधी जयंती के 150वी जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम स्वराज्य की अवधारणा पर चर्चा**कियागयाजोनिम्नवतहै–**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | डी एस एस ए महाविद्यालय घोसी | 02/10/2019 | 360 |
| 2 | बापू बाल शिक्षण केंद्र गोपालपुर | 03/10/2019 | 285 |
| 3 | आदर्श शिशु निकेतन घोसी | 04/10/2019 | 260 |

आज दिनांक 02/10/2०19 को डी एस एस ए महाविद्यालय घोसी में भगवान मानव कल्याण समिति के तत्वाधान में गांधी जी के 150वी जयंती के उपलक्ष्य में गांधी जी के ग्राम स्वराज की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम का सुभारंभ संस्था की प्रोजेक्ट डायरेक्टर पूनम सिंह एवम डी एस एस ए महाविद्यालय की अध्यापिका श्रीमति पूर्णिमा जी द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। साथ ही साथ छात्राओं द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन “रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीता राम” गाया गया। चर्चा के उद्देश्य पर चर्चा कृति हुई पूनम सिंगर खा कि आज हमारे देश में पंचायती राज वयस्था को लागू हुए 25 वर्ष हो गए मगर अभी भी जो पंचायती राज की मूल अवधारणा है कि महिलाओं को आरक्षण के तहत 33% आरक्षण तो मिला है लेकिन महिलाएं आज भी अपने अधिकार का प्रयोग नही कर पा रही है। उनके जगह पर उनके पति, देवर या ससुर कार्य कर रहे है। जबकि महत्मा गांधी का यह सोच था कि महिलाएं भी ग्राम सभा और भारत की राजनीति में खुलकर हिस्सा ले। विद्यालय की छात्रा इरामखान ने अपने ओजस्वी भाषण में छात्रों को यह संदेश दिया कि लड़का और लड़की में कोई अंतर नही है। महात्मा गांधी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के अध्यापक अमरजीत जी ने कहा कि गांधी जी छुआछूत के प्रवल विरोधी थे। अंत में विद्यालय के प्राचार्य श्री देवेश सिंह द्वारा छात्र एवम छात्राओं को सिगल्यूज प्लास्टिक को न



अपनाने तथा शौचालयों का प्रयोग करने एवम घर तथा आसपास को स्वच्छ रखने की सपथ दिलाई।

## किसान गोष्ठी

स्थान डी एस एस ए महाविद्यालय घोसी

दिनांक 22/10/2019

प्रतिभागी 255

संस्था द्वारा घोसी विकास खण्ड के अंतर्गत क्षेत्रीय किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार बढ़ाने के लिए किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन श्री डी एस सिंह ने किसानों को जैविक विधि से खेती करने फसलों को सुरक्षित रखने तथा फसलों को कीटो से कैसे बचाया जाए इसपर जानकारी दिया। उन्होंने किसानों को बताया कि कई ऐसी फासले है जिसको जमा एक साथ दो फसल ले सकते है जैसे किसान पहले गन्ने का फसल बो कर उसमे सब्जी लगा सकते है तथा गन्ने के साथ खीरा, तरबूज, ककरी इत्यादि का फसल उगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को फसली बीमा कराया जाता है जिसका नुकसान होने पर बीमा कंपनी मुआवजा देती है। उन्होंने आगे बताया कि बीज का भंडारण करते समय किसानों को बहुत ही सावधान रहना चाहिए जिससे उनका बीज बर्बाद न होने पाए।

## एक दिवसीय हाइजीन और हेल्थ पर प्रशिक्षण

स्थान परियोजना कार्यालय घोसी

दिनांक 08/11/2019

प्रतिभागी 45



संस्था द्वारा किशोरियों को स्वस्थ रहने के लिए हाइजीन और हेल्थ पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। रिसोर्स पर्सन पुष्पा पाल द्वारा किशोरियों को स्वच्छता संबंधित बातो पर विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि किशोरियों को हमेशा सेनेटरी पैड का प्रयोग करना चाहिए। इसके साथ ही किशोरियों को पौष्टिक आहार लेना चाहिए जिससे उनको खून की कमी न होने पाए।आंगन बाडी केंद्र पर किशोरियों को निःशुल्क आयरन की गोली दी जाती है तथा इनिमिक किशोरियों को रेफरल भी किया जाता है।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

**भगवानमानवकल्याणसमिति द्वाराविकास खण्ड घोसीमें**निःशुल्क नेत्र जांच शिविर**काआयोजनकियागयाजोनिम्नवतहै–**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय अरियसो | 20/11/2019 | 155 |
| 2 | इटौरा डोरीपुर | 26/11/2019 | 170 |

भगवान मानव कल्याण समिति, अरियासों, घोसी मऊ द्वारा विकास खण्ड घोसी के समस्त ग्राम पंचायतों में असहाय वृद्ध महिला एवं पुरूशों के लिए ग्राम पंचायत अरियासों पर ऑख जॉच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संस्था प्रबन्धक श्री रमेश चन्द द्वारा बताया गया कि संस्थान ग्राम पंचायतों में निवास कर रहे असहाय बृद्ध जनों की आँखों की जॉच इस लिए कराती है जिससे वह अपने नित्यकर्म कार्य स्वयं कर सके तथा वे दुसरों पर आश्रित न रहे जिससे परिवार में उनका मान -सम्मान बना रहे एवं अपने परिवार के सदस्यों का सहीमार्गदन कर सके जिससे परिवार, गॉव एवं समाज विकास की राह पर अग्रसर हो सके। ऑख जॉच में उपस्थित डा0 राजन कुमार यादव, डा0 अमरीश कुमार पाण्डेय ने शिविर में उपस्थित समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऑख शरीर का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है जिसके सुरक्षा में हम लोग काफी लापरवाह होते है, धूल, मिट्टी आदि हमारी आँखों में जाकर हमारे ऑख को खराब कर देते है। शरीर के इस अंग को लेकर हम

लोगों को आगे से काफी सावधान रहना होगा जिससे हम लोग अपनी स्वयं की आखों से इस प्राकृतिक नजारों को देख सके।

**विश्व एड्स दिवस**

स्थान डी एस एस ए महाविधालय घोसी

दिनांक 01/12/2019

प्रतिभागी 430



संस्था द्वारा एच आई वी ६ एड्स से बचाव के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे डॉक्टर मनोज कुमार द्वारा उपस्थित लोगो को एच आई वीएड्स से बचने के लिए उपाय सुझाए गए। उन्होंने कहा कि यह एक संक्रमित बीमारी है जो छुआ छूत से एक दूसरे में फैलती है। बचाव ही इसका एकमात्र इलाज है।

हॉस्पिटल में हमे इंजेक्शन लगवाते समय डिस्पोजल सिरेंज का प्रयोग करना चाहिए। नाई की दुकान पर ढाड़ी बनवाते समय ने ब्लेड का इस्तेमाल करना चाहिए साथ ही किसी भी मरीज को खून चढ़वाते समय ये सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह खून एचआईवी निगेटिव व्यक्ति का है।

**विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन**

स्थान किशोरवाटिका घोसी

दिनांक10/12/2019

प्रतिभागी 310

संस्था द्वारा मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे लोगोको संविधान में प्रदत्त मानव अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में अनिल

कुमार मिश्र एडवोकेट द्वारा लोगो को ये बताया गया कि हम संविधान द्वारा गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार मिला हुआ है। कोई भी अधिकारी किसी भी व्यक्ति का चाहे वह बड़ा हो या छोटा उसके मानवाधिकार का हनन नहीं कर सकता है। भारतीय संविधान में सभी लोगो को एक समान अधिकार दिए गए है। जिसमे स्वत्रता का अधिकार किसी भी धर्म को अपनाने का अधिकार, किसी भी राज्य में निवास करने का अधिकार दिया गया है। सरकार द्वारा लोगो को मौलिक अधिकार दिए गए है। जिसमे रोटी कपड़ा और मकान का प्रयोधान है।

**26 जनवरी कार्यक्रम**

स्थान पंजीकृत कार्यालय अरियासो

संस्था द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सदस्यों एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चो द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम खेलकूद का आयोजन किया गया।

**दोदिवसीय नारी संघ के अगुवा सदस्योका जी पी डी पी प्रशिक्षण**

स्थान डी एस एस ए महाविधालय घोसी

दिनांक 08/02/2020 से 09/02/2020तक

प्रतिभागी 52



संस्था द्वारा नई संघ के अगुवा सदस्यो को ग्राम पंचायत विकास योजना ( जी पी डी पी) पर 2 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अगुवा

सदस्यो को ग्राम सभा ए ग्राम पंचायत एवम पंचायत की 6 समितियों के बारे एम बताया गया तथा ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने का क्या उद्देश्य है इसपर चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार का यह उद्देश्य है कि गांव के लोग खुद मिल बैठ कर अपनी योजन खुद बनाए। हमारी योजना हमारा विकास। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास योजना के 5 चरण के बारे में बताया।

द्वितीय दिवस के सत्र में रिसोर्स पर्सन श्रीमति ज्ञानति देवी द्वारा ग्राम पंचायत में कौन कौन से काम किस मत में कराया जा सकता है इसपर विस्तार से चर्चा किया गया। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने अपने पंचायतों में ग्राम पंचायत विकास योजना बनवाने का संकल्प लिया गया।

**दोदिवसीय स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का bookkippingपर प्रशिक्षण**

स्थान डी एस एस ए महाविधालय घोसी

दिनांक 20/02/2020 से 21/02/2020

प्रतिभागी 50

संस्था द्वारा स्वयं सहायता समूह के सदस्यो को आपस में लेन देन बैंक में खाता खुलवाना बैंक में लेन देन करना तथा कार्यवाही रजिस्टर एवम लेन देन रजिस्टर कैसे लिखना है बताया गया। रिसोर्स पर्सन श्रीमति रंजना एवम श्रीमति सविता सुमन द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को यह बताया गया कि महिलाएं छोटी छोटी बचत करके अपना स्वयं का आय अर्जित कर सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्रीय सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को समय समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहे है। जिसमे खिलौना बनाना गृह उद्योग, पटरी उद्योग, आचार, मुरब्बा, जाम जैलीए अगरबती मोमबत्तीए सब्जी की खेती इत्यादि करके स्वयं सहायता समूह की महिलाए घर बैठे ही अपनी आमदनी को बड़ा सकती हैं।

**8 मार्च महिला दिवस का आयोजन**

स्थान जूनियर हाई स्कूल घोसी

दिनांक 08/03/202०
प्रतिभागी 510

संस्था द्वारा 8 मार्च विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मेलन का आयोजन जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में किया गया। इस सम्मेलन में घोसी ब्लॉक की 72 ग्राम पंचायतों से कुल 510 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अंदर अपने हक एवम अधिकार के बारे में जानना था। इस कार्यक्रम का सुभारम्भ नारी संघ की अध्यक्ष श्रीमती द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि में राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमति अर्चना उपाध्याय रही। उन्होंने बताया कि आज महिलाएं डॉक्टरएवकील, इंजियरएलोको पायलट, प्रशासनिक सेवा इत्यादि में आगे बढ़ रही है। हमे अपने लड़कियों को अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा की घरेलू महिला हिंसा या महिलाओं संबंधी कोई भी विवाद हो तो इसके लिए आप लोग राज्य महिला आयोग से संपर्क कर सकती है। स्थानीय स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय समय पर लोक अदालत के माध्यम से महिलाओं के समस्याओं को सुना जाता है जहा पर महिलाओं को कानूनी सलाह निःशुल्क दिया जाता है।

## कोरोना जागरूकता शिविर

**भगवानमानवकल्याणसमिति द्वाराविकास खण्ड घोसीमें**कोरोना जागरूकता शिविर **काआयोजनकियागयाजोनिम्नवतहै–**

| क्र0 | स्थान | दिनांक | प्रतिभागियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | करिम्मुदीन पुर | 28/03/2020 | 110 |
| 2 | मझवारा मोड़ घोसी | 30/03/2020 | 125 |

भारतवर्ष में नई महामारी कोविड 19 का पता चलने के बाद संस्था द्वारा लोगो को जागरूक करने का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमे इस बीमारी से बचने के लिए उपाय पर चर्चा किया

गया। लोगो को यह बताया गया कि यह बीमारी बहुत ही तेजी से अपने देश में पाव पसार रही है इसका अभी तक कोई इलाज संभव नही हो पाया है। समाजिक दूरी मास्क लगाना हाथ को बार बार धोना सेनेटाइजर का प्रयोग करना इत्यादि ही इसका एक मात्र बचाव है।

## प्रबन्धकारिणीसमिति के पदाधिकारियो एवंसदस्यो की सूची

| क्र0 | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री षेषनाथ | अध्यक्ष |
| 2 | श्रीदेवेषकुमार | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्रीरमेषचन्द्र सिंह | सचिव/प्रबन्धक |
| 4 | श्रीमतीरंजना | कोषाध्यक्ष |
| 5 | श्रीभूपेषकुमार | लेखापरीक्षक |
| 6 | श्रीरामसमुझ | सदस्य |
| 7 | श्रीराजेषकुमार | सदस्य |
| 8 | श्रीमतीकमलावती | सदस्य |
| 9 | श्रीमतीऊषा | सदस्य |

साथीसस्था / तकनीकिसहयोगसंस्थाकीसूची–

| क्र0 | साथीसंस्था | तकनीकिसहयोगसंस्था |
|---|---|---|
| 1 | साथीउत्तरप्रदेष–फैजाबाद | पानीसंस्थान–फैजाबाद |
| 2 | उपवन– लखनऊ | ग्रामीणविकाससंस्थान–मऊ |
| 3 | वात्सल्य – लखनऊ | |
| 4 | सहयोग– लखलऊ | |
| 5 | सी0फार0 –जयपुर | |